# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 17 चैत्र, 1937 (श0) / 07 अप्रील, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 66

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 19 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 28 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग | .. .. | 01 |
| (4) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. .. | 01 |
| (5) | उच्च शिक्षा विभाग | .. .. | 02 |
| (6) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. .. | 04 |
| (7) | समाज कल्याण विभाग | .. .. | 06 |
| (8) | निबंधन विभाग | .. .. | 01 |
| (9) | परिवहन विभाग | .. .. | 01 |
| (10) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. .. | 01 |
| (11) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. .. | 02 |
| | | कुल योग — | 66 |

### विचार करना

''क''*721. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण एवं वन विभाग के संकल्प सं० वन निगम 03/09-332, दिनांक 28 जनवरी, 2013 द्वारा बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड का गठन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बंद हो चुके बिहार राज्य वन विकास निगम के कर्मियों का समायोजन बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड में छः माह के अंदर किया जाना था, परन्तु अभीतक समायोजन नहीं होने के कारण कर्मियों के समक्ष वेतन के अभाव में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद हुये बिहार राज्य वन विकास निगम के कर्मियों का समायोजन बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड में करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

(3) बिहार वानिकी विकास निगम लि० में सरकार द्वारा विभिन्न स्तर के 52 पदों की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य वन विकास निगम (सम्प्रति अकार्यरत) से वर्तमान में कार्यरत सभी संवर्गो के योग्य कर्मियों की सूची की माँग पत्रांक 07, दिनांक 17 मार्च, 2015 द्वारा की गई है। सूची प्राप्त होने पर योग्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति/नियुक्ति शीघ्र की जायेगी ।

-------

### सुविधा प्रदान करना

*990. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में कल्याणपुर प्रखंड की आबादी एवं क्षेत्रफल सबसे ज्यादा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर में निबंधन कार्यालय नहीं होने से निबंधन संबंधित कार्यों में आम लोगों को काफी परेशानी होती है जबकि निबंधन कार्यालय हेतु उक्त प्रखंड सारे मापदंड को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याणपुर प्रखंड में निबंधन कार्यालय खोलकर निबंधन संबंधी कार्यों में आमलोगों को सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

### कार्रवाई करना

*991. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 4 सितम्बर, 2014 के अंक में ''खेल मंत्री जी आप फील्ड दें हम आपको मेडल देंगे'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में युवा एथलिटों के अभ्यास के लिये सरकार द्वारा निश्चित मैदान की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से राज्य के युवा एथलिटों के लिये अभ्यास के लिये मोइनुल हक स्टेडियम में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिये मैदान की व्यवस्था करने के लिये कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 31 मार्च, 2015 को सदन द्वारा स्थगित ।

निर्माण कराना

*992. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अमरपुर, सूर्यगढ़ा रामपुर, मानोरामपुर, नरोतमपुर कजरा, घुसैठ, अभयपुर, सहुर, लाखोचक, मननपुर, माणिकपुर का भवन निर्माण नहीं किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण नहीं होने से पढ़ाई नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

योजना का लाभ देना

*993. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 2459+1 कोटि के 205 मदरसों को अनुदान की श्रेणी में लाया है जिसमें से 25 मदरसे किशनगंज जिले के हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के ऐसे 25 मदरसों के छात्र/छात्राओं को मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति एवं पोशाक योजना का लाभ दिनांक 23 सितम्बर, 2013 से नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिले के उक्त मदरसों के छात्र/छात्राओं को मध्याह्न भोजन (एम०डी०एम०) छात्रवृत्ति एवं पोशाक योजना का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पदस्थापन करना

*994. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिरजानहाट विद्यालय का भवन 5 वर्षों से जर्जर है एवं गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जन्तु विज्ञान, भूगोल, इतिहास एवं कम्प्यूटर शिक्षक का एक-एक पद स्वीकृत है जो 5 वर्षों से रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विषय का शिक्षक पद रिक्त होने एवं भवन जर्जर होने के कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन का जीर्णोद्धार एवं रिक्त पदों पर शिक्षकों का पद स्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण करना

*995. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत फुलहारा ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, मंगनीकोल में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय असुरक्षित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*996. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''ललित नारायण मिश्रा वि०वि० में हो रही वित्तीय अनियमितता'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत ललित नारायण मिश्रा विश्वविद्यालय अंतर्गत अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेज की आधारभूत संरचना में वृद्धि हेतु यू०जी०सी० से राशि मुहैया करायी जाती है एवं इस राशि से अनउपयोगी उपकरणों की फर्जी खरीददारी कर अनियमितता किया जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस विषय की उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र का संचालन

*997. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर स्थित मु० धरमपुर में म०वि०, धरमपुर एवं प्रा० मकतब, धरमपुर में महादलित, अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा को अक्षर आंचल योजना के तहत 14 शिक्षा स्वयंसेवी एवं 7 टोला सेवक वर्ष 2009 से कार्यरत थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदा०, (मा०शि०), समस्तीपुर ने अपने ज्ञापांक 765 सा०शि०, दिनांक 30 नवम्बर, 2013 द्वारा सभी संचालित केन्द्रों को अगले आदेश तक के लिये बंद कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पुनः विभाग के ज्ञापांक 708 (स), दिनांक 26 सितम्बर, 2014 द्वारा 3 तालिमी मर्कज को शिक्षा स्वयंसेवी केन्द्र को संचालित करने का आदेश दिया तथा महादलित टोला सेवकों को केन्द्र संचालित करने से वंचित रखा गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वंचित महादलित टोला सेवकों के केन्द्र को संचालित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*998. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के देवनारायण उच्च विद्यालय, रानीपट्टी, सुखासन में छात्राओं की संख्या अत्यधिक है, परन्तु विद्यालय में भवन एवं चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परेशानी का सामना विद्यालय प्रशासन को करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन एवं चहारदीवारी निर्माण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बेरियर लगाना

*999. श्रीमती ज्योति रश्मि--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नासरीगंज पथ एवं तिलौथू पथ में बालू घाट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बालू घाट से जो ट्रक लोडकर निकलती है उससे रोड पर पानी गिरते हुये जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि लोड ट्रक से पानी टपकने के कारण अलकतरा रोड जर्जर हो चुका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बालू लदे ट्रकों को रोड पर आने से पहले सोन में ही पानी गिरने तक बेरियर लगाने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*1000. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तनपुरा में मात्र तीन (3) कमरे हैं जिसके कारण पठन-पाठन में परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य

विद्यालय, तनपुरा में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमिटी गठित करना

*1001. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नोखा विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड नोखा, राजपुर, नासरीगंज में +2 विद्यालय के प्रबंध समिति का गठन नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कमिटी गठित नहीं होने से विद्यालयों का विकास अवरुद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों में कमिटी गठित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*1002. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय, धोबी विद्या अवस्थित है, जिसके आस-पास या गाँव के माध्यमिक शिक्षा के लिये एक भी हाई स्कूल नहीं है एवं उक्त विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सारी अर्हता रखता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीयकृत मध्य विद्यालय, धोबी विद्या को हाई स्कूल में उत्क्रमित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*1003. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के 10+2 उच्च विद्यालय, सहुली का भवन खपरैल है और जर्जर है, जिससे वर्षात के समय पानी गिरता है साथ ही उक्त विद्यालय में चहारदीवारी भी नहीं है जिसके कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अध्ययन कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नया भवन निर्माण कराने तथा चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1004. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माध्यमिक विद्यालयों में ललित कला विषय के शिक्षक नियोजन हेतु 2011 में पात्रता परीक्षा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पात्रता परीक्षा में 372 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुये हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि माध्यमिक विद्यालयों में ललित कला विषय में शिक्षक का पद रिक्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*1005. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमाननगर प्रखंड के हाई स्कूल, रामपुर का भवन निर्माण कार्य छत लेवल तक हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल के भवन निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुसार बालू, छड़, सीमेंट एवं गिट्टी का प्रयोग नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का जाँच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1006. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था विधान-सभा क्षेत्र के वंशी प्रखंड में ग्राम-वंशी, कल्याणपुर में 10+2 उच्च विद्यालय है, जिसमें छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का अपना भवन नहीं है, मात्र दो ही कमरे में पठन-पाठन का कार्य होता है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1007. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के सिलाव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिण्डी डीह एवं गिरियक प्रखण्ड के दशरथपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के बिना बैठक के मनमाने ढंग से वर्ष 2010 से लगातार 2013 ई० तक विद्यालय कोष एवं सरकार से प्राप्त विभिन्न राशि 15,00,000 रु० (पन्द्रह लाख) बिना किसी काम कराये हुये निकासी कर लिये गये हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मामले की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*1008. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के गुरारू प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1009. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय, गुलरिया टोला, प्राथमिक विद्यालय, बगराहा तथा फुलपरास प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, मुशहरनियाँ दक्षिण एवं उत्तर में पुराने दो कमरे हैं जिसके एक कमरे में वर्ग- 5 कक्षा तक के छात्र-छात्रा शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं, जाड़े के दिनों में मैदान में पढ़ाई की जाती है परन्तु गर्मी एवं बरसात में विद्यालय स्थायी रूप से बंद हो जाते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में सर्व-शिक्षा अभियान के तहत देय सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

घेराबंदी कराना

*1010. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत गोपेश्वर महाविद्यालय, हथुआ के खेल के मैदान का घेराबंदी नहीं हुआ है जिसके कारण बच्चों को मैदान में खेलने तथा बाहरी पशुओं के प्रवेश होने के कारण खेल में बाधा पहुँचती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय के खेल के मैदान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

परिणाम देना

*1011. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2014 के परीक्षाफल से असंतुष्ट परीक्षार्थियों द्वारा माह जून, 2014 में स्क्रूटनी हेतु दिये गये आवेदन का निबटारा पूर्ण हो जाने के बावजूद भी उनके संशोधित अंक प्रमाण-पत्रादि संबंधित विद्यालय को नहीं भेजे जाने से छात्र-छात्राएँ उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने हेतु नामांकन कराने से वंचित हैं, जिससे उनके सत्र 2014-15 का समय बर्बाद हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्क्रूटनी के परिणामों को विद्यालय में अविलम्ब भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का निर्माण

*1012. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के ठाकुर उच्च विद्यालय, खुट जानकीनगर का अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास का निर्माण राशि वर्ष 2010 में उठाव कर लिया गया है लेकिन आजतक छात्रावास का निर्माण शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*1013. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के उर्दू मध्य विद्यालय, खजौली हाट, उर्दू मध्य विद्यालय, मधुबनी सहित 25 उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में उर्दू के शिक्षक नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उर्दू विद्यालयों में उर्दू के शिक्षक नहीं रहने से उर्दू छात्र/छात्राओं को उर्दू की पढ़ाई नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला के सभी उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में उर्दू के शिक्षकों का प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चयन मुक्त करना

*1014. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-भगवानपुर स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 104 में आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के चयन में अनियमितता की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला कल्याण पदाधिकारी, नालन्दा के जाँच प्रतिवेदन सं० 2586, दिनांक 10 सितम्बर, 2013 में चयन की गयी अनियमितता की पुष्टि किया गया है, परन्तु आजतक सेविका एवं सहायिका पर कार्रवाई नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जाँच के आधार पर उक्त सेविका एवं सहायिका को चयन मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कॉलेज खोलना

*1015. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय ने सारण जिला में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने हेतु वर्ष 2011 में राशि बिहार सरकार को उपलब्ध करायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सारण जिला में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि आवंटित करना

*1016. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अंतर्गत नालन्दा जिला के 3 करोड़ रु० माँग के विरुद्ध मात्र 66 लाख रुपये का आवंटन हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत हिलसा अनुमंडल को 60 लाख रु० माँग के विरुद्ध मात्र 21.40 लाख रुपये का आवंटन हुआ है, जिससे उक्त अनुमंडल में योजना का कार्यान्वयन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है तथा जरूरत मंदों को लाभ नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत माँग के अनुरूप राशि नालन्दा जिला एवं हिलसा अनुमंडल को आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

केन्द्र स्थापना करना

*1017. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत साहेबनगर ग्राम पंचायत के वार्ड सं० 8, 9 और 11 दलित बहुसंख्यक वार्ड है और वहाँ अबतक आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण पूर्ण कराना

*1018. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर में स्थित वर्ष 1850 में स्थापित टी०के० घोष अकादमी, राजकीय उच्च विद्यालय जिसमें डॉ० राजेन्द्र प्रसाद, डॉ० सच्चिदानन्द सिन्हा, डॉ० विधान चन्द्र राय, सर हसन इमाम आदि ने शिक्षा ग्रहण किया के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2010 में ही भूमि अधिग्रहित कर भवन का निर्माण प्रारम्भ हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन का निर्माण वर्ष 2012 में ही पूर्ण होना था, किन्तु वह अभीतक अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के इस शैक्षणिक धरोहर के भवन का निर्माण ससमय पूरा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

उत्क्रमित करना

*1019. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अंतर्गत रा०म०वि० दुल्लीपट्टी में कुल नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या 1066 है तथा विद्यालय के पास 96 डिसमिल जमीन भी उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुल्लीपट्टी पंचायत में एक भी माध्यमिक विद्यालय नहीं होने से छात्रों को माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1020. श्री (डॉ०) मो० जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज विधान-सभा को पोठिया स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, दलुआ हाट की भूमि पर 1. श्री मनोज कुमार गुप्ता, पिता-भुवनेश्वर गुप्ता, 2. श्रीमती बुधनी देवी, पति-पुनिया चौहान, 3. डॉ० लखो प्रसाद सिंह, पिता-श्री माधव लाल सिंह तथा 4. सैफू पिता-अब्दुल मन्नान के द्वारा भूमि का अतिक्रमण कर दुकान एवं मकान बनाकर कब्जा किये हुये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु विद्यालय प्रशासन द्वारा सी०इ०ओ० पोठिया को छः माह पूर्व भी सूचित किया गया परन्तु भूमि खाली नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर दोषियों पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*1021. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत दुरमट्टा में स्थित संतलाल कापरी उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालयों में छात्रों को पेयजल की सुविधा नहीं है तथा बेंच, टेबुल, कुर्सी इत्यादि का अभाव है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षकों का पदस्थापन करने, पेयजल की सुविधा तथा बेंच, टेबुल, कुर्सी इत्यादि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*1022. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने हर पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय वर्ष 2010 में लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के खावाराजपुर, अवगिल रामपुर, टेटलपुर, महम्मदपुर, अरमा, महेशपुर, लोधधानी, चानन प्रखंड के जानकीडीह, महेशलेटा, पिपरिया प्रखण्ड के पिपरिया पंचायत में उच्च विद्यालय अभीतक नहीं खोला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायतों में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1023. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''पाँच साल में बिहार के नेतरहाट का बंटाधार'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में राज्य के सिमुलतल्ला में नेतरहाट विद्यालय के अनुरूप एक आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच वर्षों के बाद भी उपरोक्त विद्यालय का भवन निर्माण नहीं कराया जा सका है और अभीतक यह विद्यालय किराये के मकान में चलता है, जबकि स्थापना मद में 26 लाख रुपये व्यय किये जा चुके हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि संसाधनों की कमी के कारण वर्ष 2014-15 में उपरोक्त विद्यालय में एक भी छात्र-छात्राओं का नामांकन नहीं हुआ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिमुलतल्ला आवासीय विद्यालय को झारखण्ड के नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अनुरूप बनाने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1024. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखण्ड अंतर्गत वाघी उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर +2 स्तरीय किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन आज भी अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

घेराबन्दी कराना

*1025. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखण्ड के दुलारपुर उच्च विद्यालय की काफी जमीन पड़ी हुई है, जिसपर अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमीन का घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1026. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखण्ड के 10+2 हरेराम ब्रमचारी उच्च विद्यालय, सिसवन में भवन के अभाव में छात्र-छात्राओं का अध्ययन कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1027. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मॉडल हाई स्कूल, गोपाईपट्टी का भवन 2.77 लाख की लागत से निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें भवन का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुसार बालू, छड़, सीमेंट एवं गिट्टी का प्रयोग नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना लागू करना

*1028. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिये सरकार ने 2014 में स्कूल बैग एवं वाटर बोटल योजना लागू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत बच्चों को मुफ्त स्कूल बैग एवं वाटर बोटल दिया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना अभीतक सरकारी स्कूलों में लागू नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रहित में स्कूल बैग एवं वाटर बोटल योजना को चालू वित्तीय वर्ष में लागू करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*1029. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड अंतर्गत डुमरी पंचायत स्थित सोभेपुर ग्राम में सोभेपुर प्राथमिक विद्यालय स्थापित है, जहाँ 600 बच्चे अध्ययनरत हैं, उक्त विद्यालय के 5 कि0मी0 की परिधि में कोई भी मध्य विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को आगे भी शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, जबकि उक्त विद्यालय मध्य विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी अर्हता रखती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 विद्यालय को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1030. श्री (मो०) आफाक आलम- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के सी०डी०पी०ओ० का एक पद 7 माह से रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सही है कि उक्त प्रखंड के सी०डी०पी०ओ० का पद रिक्त होने से समाज कल्याण विभाग से चलने वाली योजनाओं जैसे पोषाहार आदि का वितरण में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में सी०डी०पी०ओ० के रिक्त पद पर पदस्थापन कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों को भरना

*1031. श्री मंजीत कुमार सिंह- दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 दिसम्बर, 2014 को छपे शीर्षक "पद 36 हजार अभ्यर्थी 10 हजार" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के +2 स्कूलों में शिक्षक के 36,480 पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों के अभाव में +2 विद्यालयों में +2 की पढ़ायी बिलकुल बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार +2 विद्यालयों के रिक्त पदों पर शिक्षकों की बहाली कबतक करना चाहती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1032. श्रीमती मुन्नी देवी- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि शैक्षणिक आधारभूत संरचना विभाग, पटना द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सुहीयाँ, जेवइनियाँ, लालू के डेरा एवं बिहियाँ प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिकरिया, कटनगर, कौड़िया का भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2012-13 में निविदा निकाल कर कार्य प्रारम्भ कराया गया, लेकिन अजतक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रश्नकर्त्ता से निर्माण कार्य में गुणवत्ता सही नहीं होने की शिकायत करने पर प्रश्नकर्त्ता द्वारा संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारी को मौखिक एवं दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी आजतक कार्य का न तो गुणवत्ता सुधारा गया न ही कार्य पूर्ण कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*1033. श्री जितेन्द्र कुमार- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड मुख्यालय में अंजुमन अलफलाह, उर्दू लाईब्रेरी की स्थापना वर्ष 1885 में की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुस्तकालय में 2000 (दो हजार) पुस्तकें हैं तथा उर्दू, अरबी एवं फारसी भाषा का पाण्डुलिपि के कुल 82 पुस्तकें हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पुस्तकालय भवन की स्थिति विगत 20 वर्षों से अत्यंत जर्जर होने के कारण पुस्तकों का समुचित रख-रखाव नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भाड़ा कम करना

*1034. श्री अरुण शंकर प्रसाद– क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से मधुबनी का भाड़ा 150 रुपया दूरी 160 कि०मी०, मधुबनी से पूर्णियाँ का भाड़ा 140 रुपया दूरी 160 कि०मी०, मधुबनी से सिलीगुड़ी का भाड़ा 300 रुपया दूरी 300 कि०मी०, मधुबनी से मुजफ्फरपुर का भाड़ा 95 रुपया दूरी 95 कि०मी० तथा राज्य के अन्दर सभी जिलों से पटना का भाड़ा पूर्व निर्धारित दर पर ही लिया जा रहा है, जबकि लगातार डीजल का मूल्य कम हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छः माह पूर्व बढ़ाये गये भाड़ा ही निजी बसों के मालिक द्वारा यात्रियों से वसूला जा रहा है जिस कारण यात्रियों का आर्थिक दोहन हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भाड़ा में संशोधन कराकर बस भाड़ा कम कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1035. श्री उमाकान्त यादव– क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के रहुई प्रखंड के अंतर्गत पैठना पंचायत के धर्मौली चिगहा ग्राम में आँगनबाड़ी केन्द्र का वर्ष 2013-14 से निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे ग्रामीण बालक-बालिकाओं के पठन-पाठन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में निम्न स्तर का ईंट, बालू एवं सीमेंट उपयोग में लाकर उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र की निर्माण राशि को खाते से निकाल लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण कार्य की जाँच कराकर निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*1036. श्री जवाहर प्रसाद– क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में किलकारी परियोजना के तहत चलने वाले परियोजना बाल केन्द्र अभीतक नहीं खुले हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर में बाल केन्द्र परियोजना खोलकर सरकार बच्चों में सृजनात्मक विकास करना चाहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम में बाल केन्द्र परियोजना खोलने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र बनाना

*1037. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा– क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के गुरूआ प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1038. श्री (डॉ०) अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड-सिमरी बख्तियारपुर के ग्राम पंचायत खजुरी में एक भी उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय खजुरी उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी मानक को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में स्थित मध्य विद्यालय, खजुरी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज खोलना

*1039. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के धोरैया प्रखण्ड में मुसलमानों की आबादी लगभग 1.25 लाख है;

(2) क्या यह बात सही है कि धोरैया प्रखण्ड में अल्पसंख्यक पोलिटेकनिक कॉलेज नहीं रहने के कारण वहाँ के मुस्लिम छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक पोलिटेकनिक कॉलेज धोरैया में खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1040. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, शिवनगर में मात्र एक शिक्षक पदस्थापित है, जिस कारण पठन-पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षक पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुपालन कराना

*1041. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 अगस्त, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''आँगनबाड़ी विकास समिति के गठन का निदेश'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में आँगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार वितरण व कार्यान्वयन समिति के बजाय आँगनबाड़ी विकास समिति के गठन हेतु समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव ने राज्य के सभी प्रमंडल एवं सभी जिला पदाधिकारी को एतद संबंधी निदेश वर्ष 2014 में भेजा है जिसका अनुपालन बिहार राज्य में अभीतक नहीं किया गया, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

शिक्षकों का पदस्थापन

*1042. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखण्ड स्थित महंथ रामजी दास शशि भूषण दास प्रोजेक्ट उ० माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों के सृजित पदों की संख्या 8 है जबकि छात्राओं की संख्या करीब 1000 (एक हजार) है;

(2) क्या यह बात सही है कि +2 स्तर पर शिक्षकों में सृजित पदों की संख्या 14 है जबकि मात्र 4 शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*1043. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007-08 में मुख्य मंत्री जिला विकास योजना के अन्तर्गत जिला मुख्यालय खगड़िया में राष्ट्रीय पुस्तकालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा कृषि उत्पादन बाजार समिति, खगड़िया के प्रांगण में सामूहिक शिलान्यास भी किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राष्ट्रीय पुस्तकालय के लिये भूमि भवन और समुचित सुविधा कबतक बहाल करने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण करना

*1044. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गढ़गाँव के पास न भूमि है और न भवन है, जबकि गाँव में 2 एकड़ जमीन है जो सरकारी है एवं टोला कहलाता है वहाँ सात कमरे का फूस का घर भी बना हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टोले की भूमि पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गढ़गाँव को स्थापित कर भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

विद्यालय खोलना

*1045. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड के सलेमपुर पंचायत में एक भी हाई स्कूल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सलेमपुर पंचायत के 5 कि०मी० के परिधि में कोई भी हाई स्कूल नहीं है, जिससे वहाँ के छात्र-छात्राओं को काफी असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं की असुविधा को देखते हुये सलेमपुर पंचायत में एक हाई स्कूल खोलने का विचार रखती है, तो यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कॉलेज खोलना

*1046. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिये 40 से 70 कि०मी० दूरी तय कर अन्य जगहों पर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमौर प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1047. श्रीमती पुनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''अधूरे भवन पर बना दो मंजिला इमारत'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड में मुश्किपुर पंचायत स्थित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में वर्ष 2010 में दो कमरा का भवन बनना प्रारंभ हुआ और छत ढलाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया जबकि विद्यालय भवन निर्माण की सभी राशि का निकासी कर ली गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में विभागीय स्तर पर नये भवन बनाने हेतु राशि उपलब्ध कराई गई जिसका निर्माण उसी अधूरे भवन के ऊपर कर दिया गया है जबकि पूर्ण का भवन अभीतक अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुये बिना कार्य कराये रुपये की निकासी करवाने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1048. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) समस्तीपुर ने रोसड़ा प्रखंड एवं पंचायत शिक्षकों के वर्ष 2013 से लंबित मानदेय के भुगतान हेतु उनकी सूची क्रमांक 01 से 26 तक (मांग पत्र, खाता नं0 एवं अन्य विवरण सहित) संलग्न कर पत्रांक 248, दिनांक 20 जनवरी, 2015 द्वारा शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, बाजार शाखा, समस्तीपुर को भेजा था किन्तु अभीतक भुगतान नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त लंबित मानदेय का भुगतान करने तथा इतने समय तक मानदेय लंबित रखने के लिये दोषी पर क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय बनवाना

*1049. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड अन्तर्गत चन्द्रहीया पंचायत के फुरसतपुर मलाही टोल में श्री गुलटेन सहनी, भूदाता के जमीन में प्राथमिक विद्यालय बनवाने का प्रस्ताव अंचल अधिकारी, ग्राम सभा, जिला समाहर्ता, शिक्षा अधिकारी मोतिहारी से वर्ष 2014-15 में प्राप्त हुआ है जो समाहर्ता मोतिहारी के यहाँ लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृत प्रा0 वि0 के भवन नहीं होने से बच्चे वहाँ से चार किलोमीटर दूर जाकर पठन-पाठन करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अति पिछड़ा बस्ती में स्वीकृत विद्यालय बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*1050. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत रामपुर चाय में राजकीयकृत मध्य विद्यालय अवस्थित है जहाँ छात्रों की संख्या अधिक है जिसके आस-पास माध्यमिक शिक्षा के लिये भी हाई स्कूल नहीं है एवं उक्त विद्यालय उत्क्रमण हेतु सारी अर्हता पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रामपुर चाय मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### निर्माण करना

*1051. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड स्थित ''महंथ रामशीवास शशि भूषण दास प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, घोड़ासहन के खेल के मैदान हेतु 13 कट्ठा जमीन विद्यालय के पास उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का खेल मैदान स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किये जाने के कारण छात्राओं को खेलकूद में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कर पैमाईश कराकर चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पदस्थापन करना

*1052. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखंड के मौदह पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेलाही जयराम की जमीन नीचे रहने के कारण जल जमाव होने एवं शिक्षक नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शिक्षक का पदस्थापन करने एवं स्कूल परिसर में मिट्टी भराई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### कार्रवाई करना

*1053. श्री (डॉ0) मो0 जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के +2, बालिका उच्च विद्यालय, किशनगंज को 7 (सात) बीघा भूमि है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 7 बीघा भूमि में से 01 बीघा 10 कट्ठा भूमि पर (1) श्री रामनाथ साह (2) श्री बाल किशन महाराज (3) शंकर महाराज एवं श्री मुन्ना तथा 10 (दस) कट्ठा भूमि पर श्री जोधन द्वारा अतिक्रमित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय हित में अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### कार्रवाई करना

*1054. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत राज गजहरा मौजा पिण्डौन थाना नं0 153 के लिये वर्ष 1996-97 में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हेतु आदेश प्राप्त हुआ लेकिन उक्त आदेश के विरुद्ध ग्राम पंचायत राज वीरपुर मौजा पिण्डौन, प्रखंड खुटौना में प्रा0 विद्यालय का संचालन किया गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार स्वीकृत स्थान यथा लदनियाँ प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय पिन्डौन में छात्र के हित में विद्यालय स्थानान्तरित करते हुये भवन का निर्माण कर विद्यालय के संचालन हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :<br>
दिनांक 7 अप्रील, 2015 (ई0)।

हरेराम मुखिया,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 1-डी0टी0पी0-450